आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का आज चौथा स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्थान के वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन करने के साथ ही नव–निर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उन्होंने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जे.आर. को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, आपसी समन्वय और संवाद से महज दो वर्ष में भाजपा की प्रदेश सरकार ने इंसेफेलाइटिस पर काबू पाया है। उन्होंने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें एक भी बच्चे की मौत नहीं पायी गयी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। पहली बार केन्द्र और राज्य सरकार पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्यवाही को बढ़ा रही है।

****

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष कुमार गोयल ने आज लखनऊ के शक्तिभवन में बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि ट्रांसफार्मर जलने के चौबीस घंटे के भीतर हर हाल में उसे बदल दिया जाय। ऐसा नहीं करने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। श्री गोयल ने कहा कि बिजली व्यवस्था को और कैसे बेहतर बनाया जाय, इस पर सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। बैठक में उपकेन्द्रों, राजस्व संग्रह और मानव संसाधनों के बेहतर प्रयोग सहित विभिन्न विषयों पर सुधार के लिये प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। श्री गोयल ने कहा कि जल्द ही पावर कार्पोरेशन और डिस्कॉम मुख्यालय ई–आफिस के रूप में कार्य करने लगेंगे। उन्होंने टोल फ्री नम्बर– एक नौ एक दो पर आने वाली शिकायतों के तत्काल समाधान के निर्देश दिये।

****

शासन ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और जिलों के विकास के लिये अब नये सिरे से हर जिले में एक–एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी नोडल अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किये हैं कि वह प्रत्येक दो माह पर एक बार दो दिन के लिये अपने जिलों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान उन्हें विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ही आम लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराना होगा। साथ ही, जिलों से जुड़े मुद्दों को लेकर जनप्रतिनिधियों की भी राय जाननी होंगी और उसी के मुताबिक समस्याओं का निस्तारण कराना होगा।

****

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने के लिये प्रदेश सरकार सभी जिलों में सत्रह सितम्बर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान–**स्वच्छता ही सेवा** का आयोजन करेगी। नगर विकास विभाग ने इस पूरे अभियान की कार्ययोजना बना ली है। इसके तहत प्रदेश सरकार दो अक्टूबर को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सफाई मित्रों सहित अन्य लोगों को स्वच्छता ही सेवा अवार्ड से सम्मानित करेगी। यह अवार्ड कुल नौ श्रेणियों में दिया जायेगा। जनभागीदारी के साथ ही सफाई में सहयोग करने और विशिष्ट पहल के लिये भी सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कार पाने वालों का चयन राज्य और जनपद स्तर पर चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

****

राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि मंदिर के शिखर का निर्माण फरवरी दो हजार पच्चीस तक पूरा हो जायेगा। इसके पहले मंदिर परिसर में बन रहे सप्त मंदिरों का कार्य दिसम्बर दो हजार चौबीस तक पूरा कर लिया जायेगा। इन मंदिरों की मूर्तियां जयपुर में बन रहीं हैं। श्री मिश्र ने बताया कि मंदिर की खूबसूरती के लिये इसे फसाड लाइट से सजाया जायेगा लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि ये लाइटें मंदिर के वातावरण के अनुकूल हों।

****

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिल आज भी जारी है। भारी बारिश की वजह से कुछ जिलों में जनहानि के साथ ही फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कुछ गावों में पानी भर गया तो वहीं कुछ जिलों में एहतियातन स्कूल–कॉलेज बन्द करने पड़े हैं। पीलीभीत के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित है। शारदा नदी में बनबसा बैराज से दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये हैं। नदी किनारे सड़कों पर पानी भर गया है और तीन दर्जन से अधिक गांवों का सम्पर्क जिले से कट गया है। अमरोहा, बदायूं, फर्रूखाबाद, हापुड़, मुजफ्फरनगर जिलों में भी बारिश से जन–जीवन प्रभावित है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में मौसम ऐसे ही बना रहेगा।

****